Publication: Aaj Samaj Date: 17/9/2012

Edition: New Delhi Page: 11

वाटिका करेगा 250 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। रियल्टी कंपनी वाटिका समूह की अगले पांच साल में 250 करोड़ रुपए निवेश करने की योजना है। इसके तहत कंपनी अपने बिजनेस केंद्र उद्यम का विस्तार करेगी। वाटिका समूह की अनुषंगी वाटिका बिजनेस सेंटर के गुड़गांव, बेंगलूर, हैदराबाद, पुणे, मुंबई में आठ बिजनेस सेंटर हैं। इनमें कंपनी पूरी तरह तैयार फर्नीचर सहित स्थान उपलब्ध कराती है। वाटिका बिजनेस सेंटर्स के मुख्य परिचालन अधिकारी शरद लूंबा ने कहा, फिलहाल पांच शहरों के आठ बिजनेस सेंटरों में दो लाख वर्ग फीट कार्यालय स्थल है। हम कोलकाता व चेन्नई सहित सभी महानगरों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना चाहते हैं।